# सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक है विक्रमोत्सव कार्यक्रम




## विक्रमोत्सव- 2026 के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 मार्च।** विक्रमोत्सव- 2026 के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला एवं विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में मेला परिसर के निराला रंग बिहार प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री एवं विधायक ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पणए दीप प्रज्वलित कर एवं कन्या पूजन कर किया। कार्यक्रम में प्रस्तुति दल द्वारा मंच पर बृम्ह ध्वज का वंदन किया गया। बृह्म ध्वज वंदन के उपरांत उद्घोषक द्वारा विक्रम संवत के बारे में प्रकाश डाला गया।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा एवं चैत्र नवरात्रि पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच व संकल्प से आज प्रदेश भर में यह भव्य आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक है। उन्होने मंच पर प्रस्तुति दल के बच्चों की तारीफ की। चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य जी के जीवन, ज्ञान, वीरता और उदारशीलता पर आधारित इन प्रस्तुतियों को देखकर गर्व से कह सकते हैं कि भारत का भविष्य सुनहरा, वीरता भरा और गौरवान्वित होगा, बच्चों की ऊर्जा ने दर्शकों को भावुक कर दिया। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य की आत्मकथा पर आधारित प्रदर्शन का विशेष उल्लेख किया। इसे हम अपने जीवन में आत्मसात करें। उनका शासन सुशासन की अनुपम मिसाल स्थापित करता है। न्याय, उदारता और शासन के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। गुड़ी पड़वा नववर्ष संवत् 2083 पर उन्होंने संकल्प दिलाया कि वे अपने परिवार और बच्चों को विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं से प्रेरित करें। यह संकल्प प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करेगा। इस दौरान गोरमी नगर परिषद अध्यक्ष, भिंड जनपद पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, डीआईजी पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधिगण, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### सच्चाई से काम करें तो पद की गरिमा स्वत: बढ़ जाती है : सिंह

विधायक कुशवाह ने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों के प्रति खरा उतरना चाहिए। जो जिसकी जिम्मेदारी है, उसे ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने विक्रमादित्य जैसा नाटक का जिक्र करते हुए बताया कि नाटक से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अगर सच्चाई से काम करें तो पद की गरिमा स्वत: बढ़ जाती है। महाराज विक्रमादित्य की भूमिका जैसी होनी चाहिए। आज हिंदू नववर्ष की शुभ शुरुआत हो रही है। विक्रम संवत 2083 का प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि नए संवत में कर्तव्य पालन से समाज मजबूत बनेगा। ईमानदारी और निष्ठा से विकास संभव है। सम्राट विक्रमादित्य का शासन सुशासन का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

सम्राट विक्रमादित्य पर नाटक मंचन ने सबका मन मोहा:

सूर्य उपासना आयोजन अंतर्गत नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन नाट्य दल निर्देशन अनिरुद्ध तिवारी प्रस्तुति अनुकृति समाज सेवा समिति ग्वालियर द्वारा किया गया। जिसमें बताया कि चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य का जन्म 101 ईसा पूर्व हुआ था। उनके पिता राजा गंधर्वसेन एवं माता सौम्यदर्शना थी। महाराज विक्रमादित्य के भाई भर्तृहरित के शासन काल में शकों का आक्रमण बढ़ गया था। भर्तृहरि ने वैराग्य धारण कर जब राज्य त्याग दिया तो सम्राट विक्रमादित्य ने शासन संभाला और सबसे पहले शकों को अपने शासन क्षेत्र से बहार खदेड़ दिया। इसके बाद उन्होंने विक्रम संवत की शुरुआत कर अपने राज्य के विस्तार का आरंभ किया। महाराज विक्रमादित्य ने भारत की सभी दिशाओं में एक अभियान चलाकर भारत को विदेशी शासकों और अत्याचारी राजाओं से मुक्त कर चक्रवर्ती सम्राट बने। चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य की ज्ञान, वीरता और उदारशीलता एवं सिंहासन बत्तीसी से जुड़ी हुई कहानियों पर आधारित प्रस्तुति प्रस्तुत की गई।

# नवरात्रि में मांस मंडी बंद कराने की मांग

## कलेक्टर को ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 मार्च।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शहर के गौरी सरोवर किनारे संचालित मांस मंडी को अस्थायी रूप से बंद कराने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में कलेक्टर भिंड को ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि के नौ दिनों तक मांस मंडी बंद रखने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि गौरी सरोवर के आसपास अनेक प्राचीन मंदिर स्थित हैं जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि पर्व शुरू होने के साथ ही यहां भक्तों की संख्या में और अधिक वृद्धि हो गई है। ऐसे में मंदिरों के समीप संचालित मांस मंडी से धार्मिक माहौल प्रभावित होने की बात कही गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मांस मंडी से निकलने वाले अवशेष इधर- उधर फेंके जाने से क्षेत्र में गंदगी फैलती है जिससे न केवल वातावरण अशुद्ध होता है बल्कि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं भी आहत होती हैं। साथ ही गौरी सरोवर किनारे स्वच्छता और पर्यावरण पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व के दौरान धार्मिक आस्थाए स्वच्छता और

### मेडिटेशन गुरु विहसंत सागर का हुआ मंगल प्रवेश

भिंड। गोहद नगर में गुरुवार को सुबह जैन समाज के श्रद्धेय उपाध्याय विहसंत सागर महाराज का मंगल आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला- पुरुष, बालिका मंडल एवं युवा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से उनका अभिनंदन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा कई जगह पाद प्रक्षालन किया गया। महाराज के नगर प्रवेश के अवसर पर शोभायात्रा एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। नगर में धार्मिक माहौल बना रहा और जगह- जगह स्वागत द्वार भी सजाए गए। ज्ञात हो कि 20 मार्च से 25 मार्च तक गोहद नगर के महर्षि अरविन्द महाविद्यालय में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष का दायित्व बेटियों को सौंपा



## नवरात्रि में नवाचार

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 19मार्च।** जिला पंचायत भिंड की अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। इस अनूठे प्रयोग के अंतर्गत नवरात्रि के नौ दिनों तक जिला पंचायत अध्यक्ष का दायित्व जिले की प्रतिभाशाली बेटियों को सौंपा जा रहा है, जिससे उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिल सके। इस पहल के पहले दिन कुमारी मानवी गुर्जर पुत्री श्रीमती सीता जितेंद्र गुर्जर (पत्रकार) निवासी जिठासो जनपद मेहगांव को जिला पंचायत अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग सहित जिला पंचायत के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात कर विभिन्न योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। कुमारी मानवी गुर्जर ने अधिकारियों से शिक्षा के क्षेत्र में चल रही योजनाओं, उनके लाभार्थियों एवं जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा भी की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बेटियों को नेतृत्व, प्रशासन और जिम्मेदारी का अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।



# ब्रह्माकुमारी संस्थान का, जनजागरण कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 19मार्च।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू द्वारा देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर, नशा मुक्ति रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 19 मार्च 2026 को नशा मुक्ति रथ जमुना ऑटो इंडस्ट्रीज, एयरपोर्ट और मालनपुर के परिसर में पहुंचा। जहां उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान यशवंत भाई ने सभी भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि 'नशा व्यक्ति के जीवन को नष्ट कर देता है। यदि हम स्वस्थ और सुखी जीवन जीना चाहते हैं तो नशा मुक्त रहना आवश्यक है इस अवसर पर रमेश अग्रवाल एयरपोर्ट अधिकारी, अवधेश तिवारी, अजय जैन, महेंद्र सिंह, श्याम बिहारी यादव, बिजेंद्र भदौरिया, मुकेश शर्मा, गजेंद्र सिंह, मुनेष तोमर, पुष्कर सिंह एवं आनंद शर्मा उपस्थित रहे।

# नव संवत्सर पर सूर्य हुआ उपासना कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 19मार्च ।** भारतीय सनातन परंपरा के नववर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम् स्वाध्याय मंडल गोहद द्वारा आयोजित नव संवत्सर एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह गुर्जर रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चंद्र कांकोरिया ने की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने सनातन संस्कृति के अनुरूप विधि-विधान से भगवान सूर्यदेव की आराधना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामनिवास शर्मा , केदार सिंह , अनिल शर्मा, बहिन रुक्मिणी , कल्पना शर्मा जी, रचना लोहिया जी, धीरज शर्मा (गीता स्वाध्याय संयोजक), सुनील पाठक जी, मनीष अग्रवाल (उत्सव प्रमुख), अतुल लोहिया उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन सचेन्द्र कांकर ने किया, कार्यक्रम के उत्सव प्रमुख मनीष बांदिल एवं सत्यभान गुर्जर, धीरज शर्मा ने अथक परिश्रम से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की, जबकि सूर्य उपासना के श्लोकों का वाचन सत्य भान सिंह जी द्वारा किया गया, रामनरेश शर्मा द्वारा भारतीय काल गणना पर सारगर्भित वक्तव्य दिया, गीता के पंद्रह वे अध्याय का सस्वर सामुहिक गायन श्रीमती रचना गोयल एव सुरेश चन्द्र कंकोरिया जी के मार्गदर्शन में किया गया । अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कंकोरिया जी ने गीता जी पर बहुत सुन्दर वक्तव्य दिया।

# गौरी सरोवर को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी : विधायक



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 मार्च।** जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार 19 मार्च को शहर के एतिहासिक गौरी सरोवर पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने स्वयं श्रमदान कर सफाई कार्य की शुरुआत की, उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी, नगर पालिका अमला, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा वर्ग, पत्रकारगण और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

जलकुंभी हटाकर होगा गौरी सरोवर का कायाकल्प:

अभियान के दौरान गौरी सरोवर से जलकुंभी हटाने का विशेष कार्य किया गया कलेक्टर के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया इस मौके पर शहरवासियों से भी अपील की गई कि वे अपने शहर को साफ.सुथरा रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

**सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने दिया बड़ा संदेश:** सफाई अभियान में शामिल हुए सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि गौरी सरोवर को साफ और स्वच्छ रखना केवल एक दिन का काम नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से गौरी सरोवर को एक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित और संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि बहुत जल्द गौरी सरोवर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की जाने वाली सजावट लाइट एवं अन्य व्यवस्थाओं से छेड़छाड़ पर नजर रखी जा सके।

## जलकुंभी हटाकर होगा गौरी सरोवर का कायाकल्प

कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गौरी सरोवर को साफ और स्वच्छ रखना प्रशासन की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि केवल गौरी सरोवर ही नहीं बल्कि पूरे शहर से गंदगी को जड़ से समाप्त करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान, अपर कलेक्टर एलके पांडे, एसडीएम अखिलेश शर्मा, नगर पालिका अमला, पार्षदगण, समाजसेवी एवं पत्रकारगण मौजूद रहे।

# सभी सुविधाएं और योजनाएं हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे : विधायक

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 मार्च।** शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान 2026 के अंतर्गत गुरुवार 19 मार्च को विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में निराला रंग बिहार मेला ग्राउंड परिसर में ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा, जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह कुशवाह, एसडीएम अखिलेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई।

शिविर के दौरान विधायक एवं अधिकारियों ने आम नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुना। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया जबकि अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों द्वारा दर्ज कर उनके शीघ्र निराकरण के लिए कहा गया। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न विभाग अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। विधायक ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण का माध्यम है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा और निश्चित ही यह अभियान सुशासन की मिसाल बनेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि सभी सुविधाएं और योजनाएं हर पात्र हितग्राही के घर द्वार पर पहुंचें, कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

गोहद। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 रामनपुरा रोड निवासी मंगल पुत्र जगन्नाथ सिंह कुशवाह वर्ष ने गोहद थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पुत्र कमलेश कुशवाह उम्र 28 वर्ष ने दिनांक 18 मार्च की रात्रि अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है तथा आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के पीछे के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है।

# भाविप में जयप्रकाश अध्यक्ष व राजमणि सचिव निर्वाचित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 मार्च।** भारत विकास परिषद प्रांतीय निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. उमा शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सर्वसम्मति से निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। नवीन सत्र 2026- 27 के लिए पिछली कार्यकारिणी को ही निर्विरोध आगामी सत्र के लिए चुना गया। जिसमें जयप्रकाश शर्मा शाखा अध्यक्ष, राजमणि शर्मा शाखा सचिव एवं रेखा भदोरिया कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी पदों के लिए आम सहमति से ही निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। बैठक का विधिवत प्रारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. उमा शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद में चुनाव की परंपरा सर्वसम्मति से नाम तय करने की है। यह संगठन की निरंतर प्रगति, सेवा भावना और सामाजिक दायित्वों को आगे बढ़ाने का संकल्प है। भारत विकास परिषद का मूल उद्देश्य सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को समाज में स्थापित करना है। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से तीनों नामों का समर्थन करते हुए अभिनंदन किया।



# पत्रकार के समर्थन में सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 मार्च।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला भिंड इकाई द्वारा गुरुवार को डीआईजी पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव को एक ज्ञापन सौंपा गया। संगठन जिलाध्यक्ष विश्वनाथ श्रीवास के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र कुमार शर्मा के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने एवं न्यायोचित कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि मालनपुर निवासी एवं संगठन के जिला संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत पत्रकार शर्मा के खिलाफ गलत प्रकरण दर्ज कराया गया है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि देवेंद्र शर्मा पिछले लगभग 25 वर्षों से निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता कर रहे हैं और वर्तमान में दैनिक स्वदेश एवं दैनिक नई दुनिया समाचार पत्र में मालनपुर संवाददाता के रूप में कार्यरत हैं। उनकी पहचान एक ईमानदार और जिम्मेदार पत्रकार के रूप में रही है। 9 मार्च 2026 को वे अपनी पत्नी के उपचार एवं स्वयं के स्वास्थ्य परामर्श के लिए मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक से उनकी बहस हो गई। इसके बाद चिकित्सक द्वारा उनके विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाकर मामला दर्ज करा दिया गया। संघ ने इसे पत्रकार की गरिमा पर आघात बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं आम नागरिकों में भी भय और अविश्वास पैदा करती हैं। संगठन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दर्ज प्रकरण निरस्त करने की मांग की गई है। इसके साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी महेश मिश्रा, राकेश शर्मा, अजय शर्मा, भानु श्रीवास्तव, असगर खान, मनोज श्रीवास्तव, विष्णु तोमर, शिवम पांडे, योगेश चौधरी, हसरत अली, इमरान अली खान, रविंद्र भदौरिया, अरविंद दीक्षित, दीवान यादव, राघवेंद्र सिंह ऊमरी, बेताल सिंह गौड़ मौ, आलोक अवस्थी, दीपक जादौन, मिथनु बघेल, सचिन शर्मा मालनपुर, अरविंद जाटव, विष्णु गौड़, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

# सागर महाराज का नगर में प्रवेश, महोत्सव की तैयारियां तेज



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 19मार्च ।** नगर में गुरुवार सुबह जैन समाज के श्रद्धेय उपाध्याय विहसंत सागर महाराज का भव्य आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बालिका मंडल एवं युवा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से उनका अभिनंदन किया। महाराज के नगर प्रवेश के अवसर पर शोभायात्रा एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर में धार्मिक माहौल बना रहा और जगह-जगह स्वागत द्वार भी सजाए गए। ज्ञात हो कि 20 मार्च से 25 मार्च तक महर्षि अरविन्द महाविद्यालय, गोहद में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान पात्रों को हल्दी मेहंदी महावीर आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।



# जमना ऑटो में रक्तदान शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 19मार्च।** जमना ऑटो इंडस्ट्रीज परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 21 कर्मचारियों एवं सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। एकत्रित रक्त को रेड क्रॉस सोसाइटी को सौंपा गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को सहायता मिल सकेगी ।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानव सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं की सराहना करते हुए उनके इस योगदान को प्रेरणादायक बताया ।शिविर के आयोजन में जीएम एचआर एन.एम.क्यू. शम्सी, डॉ. राजेश शाक्य, एडमिन मैनेजर महेंद्र सिंह, सी एस आर अधिकारी अभिषेक पांडे, सुरक्षा अधिकारी रामरतन सिंह एवं एचआर विभाग से प्रिया सिंह की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया, जिसमें स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया गया।


## आम सूचना

श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री सत्यभान शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित मौहल्ला बंबा का पुरा, ग्राम विक्रमपुरा, तहसील एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) में है जो नगर पालिका भिण्ड वार्ड क्र.10 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.437 / 2 एवं 438 /2 ग्राम विक्रमपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भूमि श्री ब्रम्हदीन, पश्चिम में - रास्ता 30 फुट चौड़ा,उत्तर में-सम्पत्ति श्री गोपीराम एवं दक्षिण में सम्पत्ति श्रीमती रामबेटी है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री शिवप्रसाद, श्री कैलाशनारायण, श्री कमलेश कुमार पुत्रगण श्री बैजनाथ द्वारा श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री मेवाराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1489 दिनांक 13.07.1998 से विक्रय की गई। श्रीमती रामबेटी द्वारा सम्पत्ति 750 वर्गफुट एरिया श्रीमती गिरजा देवी शर्मा पत्नी श्री यशोदानंदन शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3038 दिनांक 03.12.1998 से विक्रय की गई। श्रीमती गिरजा देवी शर्मा द्वारा सम्पत्ति 750 वर्गफुट एरिया श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री सत्यभान शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी042902015 ए1158469 दिनांक 09.11.2015 से विक्रय की गई। श्रीमती रामबेटी का स्वर्गवास दिनांक 25.07.2025 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री सत्यभान शर्मा उनकी सम्पत्ति की मालिक हुई एवं नगर पालिका भिण्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। इस प्रकार श्रीमती उषा शर्मा उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति 139.40 वर्गमीटर की स्वामी हुई। श्रीमती उषा शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वितीय संस्थान पिरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती रामबेटी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**